1601
~~1560~~(E)
27/02/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/02/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, भागलपुर के अन्तर्गत Construction of four laning work of Bhagalpur-Hansdiha Road (SH-19) from Lohiya Pul to NH-80 Bye Pass Chainage from 0.0 Km. to 3.70 Km. for the year 2025-26 under CRIF Scheme कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–10.02.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–276 दिनांक–11.02.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–352(अनु०) दिनांक–19.02.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–18.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of four laning work of Bhagalpur-Hansdiha Road (SH-19) from Lohiya Pul to NH-80 Bye Pass Chainage from 0.0 Km. to 3.70 Km. for the year 2025-26 under CRIF Scheme |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, भागलपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5017.38 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–8278(s) दिनांक–04.10.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3804.53 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1383(अनु०) दिनांक–09.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹3474.89925 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 23.12.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Baba Projects Pvt. Ltd.
(2) Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd.
(3) M/s Niranjan Sharma
(4) M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd.
(5) Shristi Devlopers Pvt. Ltd.
(6) M/s SPA-RC (JV)

4. **निविदा की विस्तृत विवरणी** :–

पथ प्रमंडल, भागलपुर अन्तर्गत Construction of four laning work of Bhagalpur-Hansdiha Road (SH-19) from Lohiya Bridge to NH-80 Bypass Chainage 0.0 Km to 3.700 Km (Total Length-3.70 Km) for the year 2025-26 (Under CRIF) के लिए प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड का मूल्यांकन दिनांक–10.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी जिसकी कार्यवाही, उपभागीय ज्ञापांक–276 अनु०, दिनांक–11.02.2026 से संसूचित है, में 03 (तीन) निविदाकार यथा (i) Baba Project Pvt. Ltd. (ii) Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. एवं (iii) M/S SPA-RC (JV) को SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने तथा शेष 03 (तीन) निविदाकार (i) M/S Niranjan Sharma (ii) M/S Rajbir Construction Pvt. Ltd. एवं (iii) Shristi Developers Pvt. Ltd. को SBD आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था।

उक्त के आलोक में निविदाकार M/S Niranjan Sharma द्वारा दिनांक–12.02.2026 को E-mail के माध्यम से उपभागीय कार्यालय में परिवाद समर्पित किया गया है। पुनः Rajbir Construction Pvt. Ltd. द्वारा भी E-mail के माध्यम से प्रमंडल में दिनांक–18.02.2026 को परिवाद समर्पित किया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–276 दिनांक–11.02.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–10.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा (1) M/S Niranjan Sharma द्वारा दिनांक–12.02.2026 को E-mail के माध्यम से एवं (2) Rajbir Construction Pvt. Ltd. द्वारा भी E-mail के माध्यम दिनांक–18.02.2026 परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–352(अनु०) दिनांक–19.02.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–18.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

**प्राप्त परिवाद के मुख्य अंश** :–

निविदाकार M/S Niranjan Sharma से प्राप्त परिवाद के मुख्य क्रियाशील अंश निम्नांकित है :–

In connection with the above subject It has been brought to our notice that Rajbir Construction Pvt. Ltd. Participated in the bid namely - Construction of Infrastructure for Central Research Institute of Yoga and Naturopathy (CRIYN) at Raipur, Chhattisgarh with tender id - "2025_NPCC_255538_1" under organization NPCC LTD in the state of Chhattisgarh with last date of bid submission being 17th December 2025 and at the same time last date for bid submission of tender "Construction of four

laning work of Bhagalpur Hansdiha Road (SH-19) under RCD BHAGALPUR being 23rd December 2025.

So, it is thus evident that if at all this information has not been mentioned in the bid submitted details by Rajbir Construction Pvt. Ltd. Than their bid should not be considered as responsive under ITB cl.- 4.8 of SBD.

**निविदाकार से प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी कार्रवाई :—**

निविदाकार M/S Niranjan Sharma से प्राप्त परिवाद में वर्णित बिन्दु की संपुष्टि हेतु National Projects Construction Corporation Ltd. Business Deveopment Division, Corporate Office (A Government of India Enterprise) के Registered E-mail bd.division@npcc.gov.in पर उपभाग के स्तर से E-mail किया गया था, जिसके उत्तर में National Projects Construction Corporation Ltd. द्वारा E-mail के माध्यम से यह संपुष्ट किया गया है कि It is hereby to confirm that M/S Rajbir Construction Pvt. Ltd. had participated in the tender for "Construction of Infrastructure for Central Research Institute of Yoga and Naturopathy (CRIYN) at Raipur, Chhattisgarh on EPC Mode (2nd Call). The technical Evaluation of bids were under progress as on 23.12.2025."

**निविदाकार M/S Niranjan Sharma से प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी समीक्षा :—**

इस प्रकारNPCC से प्राप्त उत्तर प्रतिवेदन से यह स्पष्ट है कि निविदाकार M/S Rajbir Construction Pvt. Ltd. द्वारा प्रस्तुत निविदा जिसके प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.12.2025 थी, में ,SBD Sec-2 Qualification information कंडिका 1.4(B) Work for which bids already submitted के अंतर्गत "Construction of Infrastructure for Central Research Institute of Yoga and Naturopathy (CRIYN) at Raipur, Chhattisgarh with tender id - "2025_NPCC_255538_1" under organization NPCC LTD in the state of Chhattisgarh कार्य को नहीं दर्शाया गया है, जो कि SBD ITB Cl. 4.8 में वर्णित " Even though the bidders meet the qualifying criteria, they are subject to be disqualified if they have made misleading or False representation in the forms, statements and attachment submitted in proof of the qualification requirements " के अंतर्गत आता है।

अतः समिति परिवादी निविदाकार के परिवाद को मान्य करते हुए निविदाकार M/S Rajbir Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा करती है। विषयगत निविदा के अन्य निविदाकार Rajbir Construction Pvt. Ltd. से प्राप्त परिवाद, परिवाद प्राप्ति हेतु निर्धारित दो (02) दिनों की अवधि के पश्चात् प्राप्त हुआ है। अतः Rajbir Construction Pvt. Ltd. से प्राप्त परिवाद विचारणीय नहीं है।

**6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :—**

प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक समीक्षोपरांत विषयाधीन कार्य के निविदा के निविदाकार यथा (1) Baba Project Pvt. Ltd. (2) Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. (3) M/S Rajbir Construction Pvt. Ltd. एवं (4) M/S SPA-RC (JV) को निविदा के तकनीकी बीड में असफल एवं दो निविदाकारों यथा (1) M/S Niranjan Sharma एवं (2) Shristi Developers Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड मे सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है तथा विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित करने की अनुशंसा की जाती है।

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

7.1 मुख्य अभियंता, सीमाचंल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–352(अनु०) दिनांक–19.02.2026 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–18.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा (1) M/S Niranjan Sharma द्वारा दिनांक–12.02.2026 को E-mail के माध्यम से दिए गए परिवाद को मान्य करने का निर्णय लिया जाता है एवं (2) Rajbir Construction Pvt. Ltd. द्वारा भी E-mail के माध्यम दिनांक–18.02.2026 को दिए गए परिवाद को अमान्य करते हुए इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय जाता है।

(iii) उपभागीय ज्ञापांक–276 दिनांक–11.02.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–10.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा गया।

(iv) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(v) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (sd/- 26/02/26) | (sd/-) | (sd/- 26/02/26) | (sd/-) |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाशंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–17/2026 ~~1560~~ 1601 (E) पटना, दिनांक - 27/02/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(sd/- 26/02/26)
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।